भारत सरकार - रेल मंत्रालय
अनुसंधान अभिकल्प और मानक संगठन
लखनऊ - 226 011
EPBX (0522) 2451200
Fax (0522) 2458500

Government of India-Ministry of Railways
Research Designs & Standards Organisation
Lucknow - 226 011
DID (0522) 2450115
DID (0522) 2465310

# प्रेस विज्ञप्ति

## आर.डी.एस.ओ. में राजभाषा कार्यान्वयन समिति की त्रैमासिक समीक्षा बैठक का आयोजन

आर.डी.एस.ओ. में दिनांक 25.09.2024 को संगठन के महानिदेशक, श्री उदय बोरवणकर की अध्यक्षता में राजभाषा कार्यान्वयन समिति की त्रैमासिक समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक में महानिदेशक महोदय ने पिछली तिमाही में राजभाषा के प्रचार-प्रसार और राजभाषा में किए जा रहे कार्यों की प्रगति की समीक्षा की। महानिदेशक महोदय ने बैठक के दौरान सभी अधिकारियों से अधिकाधिक कार्य राजभाषा में करने का आग्रह किया।

आर.डी.एस.ओ. की मुख्य राजभाषा अधिकारी डॉ. वीणा कुमारी वर्मा ने समिति की बैठक में उपस्थित सदस्यों का स्वागत करते हुए राजभाषा संबंधी क्रियाकलापों एवं उपलब्धियों का विवरण प्रस्तुत किया। इसके साथ ही हिंदी पखवाड़े के दौरान अब तक आयोजित किए गए सभी कार्यक्रमों की एक वीडियो के माध्यम से झलकी भी दिखाई गई ।

इस अवसर पर राजभाषा अधिकारी, श्री अखिलेश कुमार श्रीवास्तव द्वारा विषयगत तिमाही की राजभाषा से संबंधित प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत की गयी। श्री जितेंद्र कुमार, निदेशक/कर्षण संस्थापन निदेशालय द्वारा “भारतीय रेलवे में ट्रैक्शन पॉवर सप्लाई की निगरानी और नियंत्रण के लिए स्काडा प्रणाली में साइबर सुरक्षा” विषय पर प्रस्तुति राजभाषा में दी गयी, जिसकी सभी सदस्यों ने सराहना की।

---

सं. पीआर/पब्लिसिटी/24/53 दिनाँक:25.09.2024

कृपया उपरोक्त समाचार को फोटोग्राफ सहित अपने प्रतिष्ठित समाचार पत्र में प्रकाशित करने की व्यवस्था करें।

25/09/2024
कृते कार्यकारी निदेशक/प्रशासन

सेवा में,

सम्पादक--------------------